साप्ताहिक

जनशक्ति उजाला

जनता की आवाज, सत्य का उजाला...



"29 अक्टूबर को मनेगा करवाचौथ का त्यौहार"



"1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस"

वर्ष : 1 अंक : 8 (प्रति बुधवार) इंदौर, 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 पेज : 8 मूल्य : 2 रुपए

एसआईआर और मतदाता सूची पर कानूनी घमासान

SIR पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से मांगा जवाब

कपिल माखीजा, जनशक्ति उजाला , नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट भवन

मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया। साथ ही, मामले से जुड़ी अन्य याचिकाओं पर भी आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। प्रकरण पर अगली सुनवाई दीपावली अवकाश के बाद होने की संभावना है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता राकेश सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने अतिरिक्त समय मांगा। उन्होंने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग का हलफनामा सुनवाई से एक रात पहले ही मिला था, इसलिए उसका जवाब तैयार करने के लिए समय चाहिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन की मोहलत दी।

फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर अलग याचिका

मामले में राज्यसभा सांसद डोला सेन की ओर से दायर नई याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में बदलाव किया गया था। दूसरी ओर, चुनाव आयोग ने अपने 248 पन्नों के हलफनामे में एसआईआर प्रक्रिया का बचाव करते हुए कहा है कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया। आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे में उप चुनाव आयुक्त भानु प्रकाश येतुरी ने प्रक्रिया का पक्ष रखा है। फॉर्म-6 को लेकर याचिका में लगाए गए आरोप और आयोग का जवाब अब न्यायिक विचार के दायरे में हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली पर भी सवाल

याचिकाओं में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली और कुछ महत्वपूर्ण फैसलों को लेकर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि कुछ ऐसे निर्णय एकतरफा लिए गए, जिन्हें सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं की याचिका में भी चुनाव आयोग के कामकाज में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को निलंबित करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों पर कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया है। अदालत ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है और मामले की सुनवाई आगे के लिए स्थगित कर दी है। अगली सुनवाई दीपावली अवकाश के बाद, 17 नवंबर के आसपास होने की संभावना जताई गई है।

खेती-किसानी में डिजिटल बदलाव

11 करोड़ किसानों की डिजिटल पहचान का लक्ष्य समय से पहले पूरा

जनशक्ति उजाला, नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान

केंद्र सरकार ने देश के 11 करोड़ किसानों की विशिष्ट डिजिटल पहचान यानी फार्मर आईडी तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित समय से पांच महीने पहले हासिल कर लिया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, 23 अक्टूबर की रात तक यह लक्ष्य पूरा कर लिया गया, जबकि इसके लिए 31 मार्च 2027 तक की समय-सीमा तय थी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत कम हो सकती है। साथ ही बैंक ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आपदा राहत और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद जैसी व्यवस्थाओं में किसानों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत विकसित किए जा रहे डिजिटल ढांचे के माध्यम से अब तक छह करोड़ से अधिक किसानों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ दिए जाने की जानकारी दी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस मिशन को 2 सितंबर 2024 को मंजूरी दी थी। सत्यापित किसान डेटाबेस से पात्र लाभार्थियों की पहचान और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। शिवराज सिंह चौहान ने लक्ष्य हासिल करने में राज्य सरकारों, जिला स्तरीय टीमों और गांवों में कार्यरत कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। सरकार का प्रयास बटाईदारों और वास्तविक जोतदारों को निर्धारित नियमों के तहत इस व्यवस्था से जोड़ना भी है।

वित्तीय गड़बड़ियों पर मोहन सरकार सख्त

मध्यप्रदेश में 392 अधिकारियों पर कार्रवाई, 7 बर्खास्त

जनशक्ति उजाला, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मध्यप्रदेश में वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में नगरीय प्रशासन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए करीब 392 अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। गंभीर गड़बड़ियों में दोषी पाए गए सात अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है, जबकि कार्रवाई के दायरे में लगभग 135 मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) भी शामिल हैं। विभाग ने अनियमित भुगतान के मामलों में करीब 3 से 4 करोड़ रुपये की वसूली की है। नगरीय प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के मुताबिक, वित्तीय गड़बड़ियों और लापरवाही की गंभीरता के आधार पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ अलग-अलग स्तर पर कदम उठाए गए हैं। इनमें बर्खास्तगी के अलावा वेतन वृद्धि रोकने और पदावनति जैसी कार्रवाई भी शामिल है। सरकारी खरीद और सेवाओं में गलत दरों या अनुचित तरीकों से सामग्री एवं सेवाएं उपल कराने के मामलों में 80 से अधिक ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इस तरह कार्रवाई का दायरा सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बाहरी पक्षों तक भी पहुंचा है। अपर मुख्य सचिव के अनुसार, वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निगरानी और कार्रवाई की प्रक्रिया लगातार जारी है। विभागीय वित्तीय लेन-देन की जांच में तकनीक और आधुनिक निगरानी प्रणालियों की मदद ली जा रही है। विभाग का उद्देश्य सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकना, अनियमितताओं के लिए जवाबदेही तय करना और नागरिक सुविधाओं के लिए आवंटित राशि का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है।

DIGITAL COLOUR PRINT
THERMAL LAMINATION
LASER CUTTING
ASHIRWAD
YOUR TRUSTED PRINT PARTNER.
RAJIV KHANDELWAL
13, Sikh Mohalla, Near District Court, M.G. Road, Indore.
0731-4961786
9425318984
ashirwad63@gmail.com
PREMIUM PRINT & FINISH FOR BUSINESS AND CREATIVES.

Affairs & Talking Threads
Fabricate Relation Of Dresses With Affairs & Talking Threads
: affairs_indore
Neeraj Motwani : +91 7049737383
Sumit Motwani : +91 8602626101
G-61/63, Apollo Tower, M.G. Road, Opp. 56 Dukan, Indore

MEDITRADE AGENCIES
Quality Generic Medicines & Surgical Items at Affordable Wholesale Prices
GENERIC MEDICINES
SURGICAL ITEMS
YOUR TRUSTED WHOLESALE PARTNER
ADDRESS - 70, G-Floor, Dawa Bazar, R.N.T Marg, Indore, (M.P.)
CONTACT - 7509558768

Yogesh Nagpal 9977818055
Bharat Nagpal 9522222824
Hello Shoes
LIFE IS SHORT BUY THE SHOES
95, Jawahar Marg Road, Near Shani Mandir
Indore - 452 001 (m.p.)

YOUR PREMIER PARTNER FOR PHARMACEUTICAL WHOLESALE
IMPERIAL PHARMA
KAILASH BALANI
125,146. LG DAWA BAZAR, INDORE-01
9826069569

Shree Celebrations
Premium Caterers
We cater to your ideas...
Rajat Laddha - 9589872297
D-106, Raj Plaza, Chhawni, Indore Email : info@shreecelebrations.in Web : www.shreecelebrations.in

संघवी ड्रायफ्रूट
प्रीमियम सूखे मेवे
पवित्र पूजन सामग्री
पारंपारिक जड़ी-बूटियाँ
जापे का विशेष सामान
सुनील - 98277-26397, 94066-20952 | सौरभ - 90397-62638
पता: 9, मारोठिया बाजार, इन्दौर (म.प्र.)

PIONEER ENTERPRISES
PET
PVC
HIPS
PET
✓ Precise Fitting Solutions |
✓ Durable and Versatile Materials |
✓ Manufacturer of PET, PVC & HIPS Trays
Contact:
Abhay Malani - 9926057574
Ajay Malani - 9977518000
Email: pioneerenterprise77@gmail.com
Address: Survey No. 78/2/2/1, Palda, Indore (M.P.)

SHREENATHJI PROPERTY BROKER
Your Trusted Real Estate Partner in Indore
Rental 1, 2, 3 BHK Flats
Property For Sale / Purchase
Land For Sale / Purchase
OUR KEY AREAS:
• Khatiwala Tank • Near Manik Bagh Road Area
• Bairathi Colony • Gumasta Nagar • Pagnis Paga
• Gopal Bagh • Sindhi Colony • Khandwa Road
Contact: VALLABH KUMAR
Call / WhatsApp: 8109036902

SATELLITE VISION
UNLIMITED HIGH-SPEED BROADBAND + HD CABLE TV
IPTV + OTT BUNDLES
UNLIMITED HIGH-SPEED BROADBAND + HD CABLE TV + IPTV + OTT BUNDLES
145 / M, Khatiwala Tank, Indore, M.P. - 452014
0731-2367425 / 81202 59387

राधे राधे
MPB
MAKHIJA PAPER BOX
जय श्री महाँकाल
PREMIUM CUSTOMIZED, DECORATIVE & RIGID BOXES
We are specializing in high-quality rigid box solutions across various industries, including:
SWEETS • CHOCOLATES • WEDDINGS • CORPORATES • etc AND MANY MORE.
CONTACT US:
Narayan Ji
9827254447 | 9826054447
makhijapaperbox@gmail.com
15/1 Chandrabhaga (Mangal Bhawan), Juni Indore, Indore (M.P.)

SHATAKSHI
PREMIUM CASHEW NUTS
FRESH • CRUNCHY • TASTY
SHATAKSHI FOOD CORPORATION
(A Unit of cashew nuts processing)
PROCESSING UNIT: Khasra No. 92/2, RANGWASA, Betma Depalpur Road, Indore – 453001 (M.P.), India
CITY OFFICE: 63, Chandrabhaga Main Road, Juni Indore, near Hanuman Mandir, Indore - 452007 (M.P.), India
CONTACT: ROSHAN BIRTHARE (+91 989 35 617 14, +91 626 21 114 31)
E-Mail : shatakshifoodcorporation@gmail.com
FSSAI LIC NO. 11420850000671 | GSTIN/UIN: 23ADOFS6067J1ZK
State: Madhya Pradesh | IE Code: ADOFS6067J | MSME: MP23B0032170

SHREE BALAJI Property Brokers
"YOUR TRUSTED PARTNER FOR REAL ESTATE IN INDORE"
DEALS IN:
FLATS, INDEPENDENT HOUSES, BUILDER FLOORS
LOCATIONS:
SCHEME NO'97 PART PART 2 & ACROSS INDORE, MP
CONTACT PERSON:
SATISH MOOLCHANDANI
9202756777
VISIT OUR OFFICE IN SCHEME NO'97 PART 2, INDORE (MP)

WATER SOLUTION: RO, SOFTENER, AUTOMATIC SENSOR, PRESSURE PUMP
SALES & SERVICE
RO Water Purifier
Pure Drinking Water
Water Softener
Prevents Limescale
Automatic Sensor
Intelligent Control
Pressure Pump
Consistent Water Pressure
CONTACT: ONE DROP WATERTECH™
9340112548
TRUSTED & RELIABLE

SANWARIYA SETH PROPERTY BROKERS
"Your Trusted Real Estate Partner in Indore"
WE DEAL IN:
Luxury & Budget Flats (1/2/3 BHK)
Independent Houses
Premium Builder Floors
Residential & Commercial Plots
OUR HIGHLIGHTS:
100% Transparent & Fair Deals
Bank Loan Assistance Available
LOCATION:
Indore & Surrounding Key Areas (M.P.)
CONTACT PERSON:
Kamal Paryani
+91 8962339129

KAMAYANI JEWELLERS
Symbol of Quality
DISCOVER OUR EXPANDED OFFERINGS
ELEGANT CORPORATE GIFTS
- Motivate, Appreciate, Retain.
EXQUISITE WEDDING GIFTS
- Gifts that define a lifetime.
THOUGHTFUL RETURN GIFTS
- Perfect tokens for every occasion and guest.
EXPLORE OUR EXCLUSIVE RANGE. YOUR PERFECT GIFT AWAITS.
67, Bada Sarafa, Shop No. G-9, Tirupati Market, Indore - 452001
Mobile: 9827022902
Website: www.kamayanijewellers.com

॥ जय जिनेन्द्र ॥
श्री
जैन श्री की रसोई
घर जैसा शुद्ध सात्विक भोजन
जैन श्री पुड़ी भण्डार
अशोक जैन
पता: छोटी ग्वालटोली, सरवटे बस स्टेण्ड, इन्दौर
मो. 09826418955, 09826400141
जैन श्री भोजनालय
(दाल बाफला और थाली)
तन्मय जैन
पता: 45, सरवटे बस स्टेण्ड, गुरुकृपा के सामने, इन्दौर
मो. 09111222143

RAJPAL AUTO AGENCY
NUT BOLTS & TOOLS SPECIALIST
WHOLESALE HARDWARE DISTRIBUTOR
BULK SUPPLY & TRADE PRICE SPECIALIST
COMPLETE RANGE OF NUTS, BOLTS, & FASTENERS (Automotive & Industrial)
HIGH-TENSILE & STAINLESS STEEL HARDWARE
PROFESSIONAL HAND TOOLS
BULK ORDERS FOR WORKSHOPS & INDUSTRIES
READY STOCK, IMMEDIATE DISPATCH
QUALITY PRODUCTS | BEST MARKET RATES | UNMATCHED SERVICE
VISIT US:
798 JEWANDEEP COLONY, LOHA MANDI, INDORE
Contact Sagar Rajpal: +91 76976 02007
SERVING INDORE & BEYOND

मनुहार
BY SHRI BALAJI CATERERS
FOR ALL YOUR OCCASIONS:
EXQUISITE WEDDINGS | GRAND EVENTS
FESTIVE PARTIES | CORPORATE CATERING.
Quality Builds Relation
Manish Agrawal
CALL FOR BOOKINGS
9425066683 | 9131649843
73, SANSKRATI PALM COLONY - 1, INDORE (M.P.)

॥ जय भेरूनाथ ॥
For All Your Clothing Needs
99932 12701
किशोर कलेक्शन
Kishor Collection
Prop: पंकज माखीजा
क्लाथ सभी मिलों की सूटिंग-शर्टिंग
रेडिमेंट जीन्स, टी-शर्ट, शर्ट, ट्राउजर्स
फार्मल पैंट शर्ट, कोट पेंट, कुर्ता पजामा
पता:
36, सेठी मार्केट, सीतलामाता बाजार, स्टेट बैंक के सामने, इन्दौर

शहर की रफ्तार पर जाम का दबाव

इंदौर में ट्रैफिक सुधारने के लिए सख्त कदम जरूरी

कपिल माखीजा, जनशक्ति उजाला, इंदौर



निर्माण कार्य और ट्रांसपोर्ट वाहनों की आवाजाही के बीच हाथीपाला चौराहे पर यातायात का दबाव।

इंदौर में बढ़ते यातायात के दबाव ने शहर की रफ्तार को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। व्यस्त बाजारों, प्रमुख चौराहों और निर्माणाधीन सड़कों पर वाहन चालकों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ती है। राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, एमजी रोड, रानीपुरा, सरवटे बस स्टैंड, भंवरकुआं, विजय नगर और निरंजनपुर जैसे इलाकों में व्यस्त समय के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है। वाहनों की बढ़ती संख्या के मुकाबले सड़क प्रबंधन, पार्किंग और सार्वजनिक परिवहन के बेहतर तालमेल की जरूरत अब और महत्वपूर्ण हो गई है।

हाथीपाला-चंद्रभागा मार्ग पर निर्माण का असर

हाथीपाला चौराहे के आसपास सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। चंद्रभागा मेन रोड सहित आसपास की निर्माणाधीन सड़कों पर काम के बीच ट्रांसपोर्ट से जुड़े भारी वाहनों की आवाजाही भी परेशानी बढ़ाती है। संकरे मार्गों पर भारी वाहनों और दूसरे वाहनों की आवाजाही एक साथ होने से व्यस्त समय में जाम की स्थिति बन सकती है। यहां निर्माण कार्य के दौरान स्पष्ट दिशा-सूचक बोर्ड, वैकल्पिक रास्तों की जानकारी और यातायात कर्मियों की तैनाती जरूरी है। ट्रांसपोर्ट वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने से भी राहत मिल सकती है।

पार्किंग और ऑटो संचालन पर नियंत्रण जरूरी

राजवाड़ा, जवाहर मार्ग और एमजी रोड जैसे बाजारों में नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के साथ सड़क किनारे अतिक्रमण हटाना भी जरूरी है। ऑटो और ई-रिक्शा के लिए निर्धारित पिक-एंड-ड्रॉप स्थान तय किए जाएं, ताकि चालक बीच सड़क पर सवारी बैठाने या उतारने के लिए वाहन न रोकें। इससे सड़कों पर यातायात का प्रवाह बेहतर हो सकता है।

सिग्नल और तकनीक का बेहतर इस्तेमाल

शहर में 92 यातायात सिग्नल हैं, जबकि पहले सामने आए आंकड़ों में 28 सिग्नलों के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से जुड़े होने की जानकारी दी गई थी। सभी सिग्नलों को इस प्रणाली से जोड़ने और यातायात के दबाव के अनुसार हरी बत्ती का समय तय करने की दिशा में काम किया जा सकता है। हाथीपाला और भंवरकुआं जैसे निर्माण प्रभावित क्षेत्रों से पहले डिजिटल बोर्ड लगाकर वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देना भी उपयोगी होगा।


सार्वजनिक परिवहन और नागरिकों की भूमिका

इंदौर मेट्रो, आई-बस और ई-रिक्शा के मार्गों के बीच बेहतर तालमेल से निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने में मदद मिल सकती है। मेट्रो परियोजना का काम आगे बढ़ाने के साथ स्टेशनों तक पहुंचने के सुविधाजनक साधन जरूरी हैं। दूसरी ओर, गलत दिशा में वाहन चलाना, लाल बत्ती पार करना और नो-पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना भी जाम बढ़ाता है। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई और नागरिकों में यातायात अनुशासन के प्रति जागरूकता जरूरी है। यातायात सुधार के लिए पुलिस, नगर निगम और निर्माण एजेंसियों के बीच समन्वय, नियमित निगरानी और तत्काल उपायों के साथ दीर्घकालीन योजना अपनानी होगी। तभी शहर की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाया जा सकेगा। इसके लिए तय समयसीमा के साथ नियमित समीक्षा जरूरी है, ताकि सुधार केवल योजनाओं तक सीमित न रह जाए।

शहरी विकास और निवेश पर मंथन

CM डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में करेंगे अर्बन कॉन्क्लेव का शुभारंभ

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार, 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में शहरी विकास, अधोसंरचना में निवेश, डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल शहरों के निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठक कर शहरी परियोजनाओं में निवेश, उनके प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। कॉन्क्लेव में श्रेणी-2 के शहरों के विकास, आवास, परिवहन आधारित विकास, पुनर्विकास, मास्टर प्लान और कारोबारी सुगमता जैसे विषयों पर विशेष सत्र होंगे। डिजिटल गवर्नेंस के तहत जीआईएस आधारित नियोजन, ऑनलाइन अनुमतियों और स्वचालित भवन अनुज्ञा प्रणाली पर चर्चा की जाएगी। जल सुरक्षा, उपचारित जल के पुनः उपयोग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे से ऊर्जा, सौर ऊर्जा और जलवायु अनुकूल शहरों के निर्माण पर भी विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। शहरी परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी, ग्रीन बॉन्ड, नगर पालिका बॉन्ड, बहुपक्षीय बैंकों से वित्त पोषण और अन्य वित्तीय विकल्पों पर मंथन होगा। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे और नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे सहित वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

गिरते भूजल स्तर पर प्रशासन सख्त

इंदौर में निजी बोरिंग पर रोक, जल संकट से निपटने की तैयारी

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर



इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा

पटाखों के भंडारण और विक्रय में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर इंदौर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने सख्त कार्रवाई की है। पिगडंबर स्थित पटाखा कारखाने में अग्नि सुरक्षा इंतजामों की कमी और आवागमन के रास्ते में बाधा पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित पटाखा लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया। कार्रवाई के साथ ही उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जनसुरक्षा से जुड़े नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, थाना किशनगंज क्षेत्र के ग्राम पिगडंबर में सर्वे नंबर 350 स्थित लाइसेंसधारी जितेश पिता मोहनलाल बांगेजा के परिसर में पटाखा सामग्री रखी गई थी। जांच के दौरान मुख्य मार्ग से करीब 250 फीट अंदर स्थित स्थल पर गलीनुमा रास्ते में सामग्री रखे जाने से आवागमन बाधित पाया गया। इससे अग्निशमन वाहन के आने-जाने में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध नहीं होने और विस्फोटक नियम-2008 के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने की बात भी सामने आई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले को गंभीर मानते हुए विस्फोटक नियम-2008 के नियम 118 के तहत लाइसेंस निरस्त करने के आदेश दिए। साथ ही स्थल पर रखी पटाखा सामग्री को दो दिवस के भीतर नियमानुसार हटाने के निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने कहा कि पटाखों के भंडारण और विक्रय में सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य है। प्रशासन की इस कार्रवाई का उद्देश्य संभावित खतरे को रोकना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

रोजगार और कौशल विकास के अवसर

इंदौर में 2 नवंबर को युवा संगम, 200 से अधिक पदों पर प्रारंभिक चयन का अवसर

सिटी रिपोर्टर, जनशक्ति उजाला, इंदौर

इंदौर में सोमवार, 2 नवंबर को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय की ओर से यह मेला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, नंदानगर में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लगेगा। इसमें विभिन्न कंपनियां 200 से अधिक रिक्त पदों के लिए प्रारंभिक चयन करेंगी। ग्राहक सेवा, डिलीवरी, वेल्डर, फिटर, तकनीशियन, वेयरहाउस, उत्पादन, बिक्री और टेलीकॉलिंग सहित कई क्षेत्रों में अवसर मिलेंगे। 18 से 35 वर्ष के आठवीं पास से स्नातकोत्तर, आईटीआई और डिप्लोमा योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आएं। मेले में स्वरोजगार ऋण और शासकीय योजनाओं की जानकारी भी मिलेगी।

संपादकीय

इस दिवाली, अपनों से खरीदें

दीपावली केवल रोशनी और खुशियों का त्योहार नहीं, बल्कि किसी के घर में चूल्हा जलाने और किसी के चेहरे पर मुस्कान लाने का अवसर भी है। बाजार में सजी मिट्टी के दीये, रंग-बिरंगे पोस्टर, सजावटी सामान और पूजन सामग्री बेचने वाला हर छोटा दुकानदार, रेहड़ी-पटरी वाला और कारीगर इस उम्मीद में बैठा है कि त्योहार पर उसकी भी अच्छी कमाई होगी। उसकी दुकान पर बिकने वाला हर सामान केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि उसके परिवार की आजीविका का सहारा है। ऐसे में इस दिवाली खरीदारी करते समय अपनी पसंद के साथ अपने आसपास के लोगों की जरूरतों का भी ध्यान रखें। विदेशी वेबसाइटों से खरीदारी करने के बजाय जहां तक संभव हो, अपने शहर के बाजारों और स्थानीय दुकानदारों को प्राथमिकता दें। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हार से दीये खरीदें, स्थानीय बाजार से सजावट का सामान लें और रेहड़ी-पटरी वालों से भी खरीदारी करें। इससे स्थानीय कारोबार को मजबूती मिलेगी और त्योहार की खुशियां उन परिवारों तक भी पहुंचेंगी, जो हमारी खरीदारी पर उम्मीद लगाए बैठे हैं। सरकार की 'लोकल फॉर वोकल' पहल इसी भावना को आगे बढ़ाती है। स्थानीय उत्पादों को अपनाने और देश में बने सामान को प्रोत्साहित करने का यह संदेश सराहनीय है। अब जरूरत है कि हम भी इसे अपने व्यवहार में उतारें। हर वस्तु का स्थानीय विकल्प मिलना संभव नहीं, लेकिन जहां भारतीय और स्थानीय सामान का विकल्प हो, वहां उसे चुनने का प्रयास जरूर करें। इस दिवाली संकल्प लें कि हमारी खरीदारी से किसी जरूरतमंद का घर रोशन हो, किसी कारीगर की मेहनत को सम्मान मिले और किसी छोटे व्यापारी की उम्मीद न टूटे। दीपावली तभी सच में शुभ होगी, जब हमारे घरों के साथ उन लोगों के घरों में भी खुशियों के दीप जलेंगे, जो हमारी छोटी-सी खरीदारी के भरोसे त्योहार मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

किस्से इंदौर के, सिनेमा का सुनहरा दौर

जब सिनेमाघर हुआ करते थे शहर की शान

नारायण माखीजा



जब रीगल सिनेमा हुआ करता था इंदौर की शान।

एक दौर था, जब फिल्म देखना सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि परिवार और दोस्तों के साथ बिताया जाने वाला खास मौका हुआ करता था। इंदौर के पुराने सिनेमाघरों के बाहर टिकट लेने वालों की कतारें लगती थीं। पर्दे पर पसंदीदा सितारों को देखने का उत्साह और फिल्म के गानों की गूंज लोगों की बातचीत का हिस्सा बन जाती थी। शहर की सिनेमा संस्कृति में रीगल टॉकीज, श्रीकृष्ण टॉकीज, क्राउन यानी प्रकाश टॉकीज, प्रभात, अरुण, एलोरा, डायमंड, नीलकमल और महाराजा जैसे नामों की अपनी पहचान रही। इनके अलावा मिल्की वे, सरोज, राज टॉकीज, नवीनचित्रा, स्टारलिट, यशवंत, अलका, ज्योति, बेम्बिनो और मधुमिलन जैसे सिनेमाघर भी इंदौर के फिल्मी दौर की यादों से जुड़े हैं। आगे चलकर प्रेमसुख, सपना और संगीता जैसे सिनेमाघरों ने भी दर्शकों को आकर्षित किया।


पुराने सिनेमाघरों में रीगल टॉकीज की शान अलग ही मानी जाती थी। इससे जुड़ी एक खास बात उसके ड्रेस कोड को लेकर भी सुनने को मिलती है। बताया जाता है कि एक दौर में रीगल की बालकनी में फिल्म देखने के लिए पुरुषों का सूट पहनकर आना जरूरी था। यानी यहां फिल्म देखना केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि खास अंदाज और प्रतिष्ठा से जुड़ा अनुभव भी माना जाता था। यह बात उस दौर के सिनेमाघरों की सामाजिक छवि को भी दर्शाती है।

उस समय फिल्म देखने की योजना पहले बनती थी। परिवार के साथ जाना हो या दोस्तों के साथ नई फिल्म का शो देखना, टिकट जुटाने से लेकर पसंदीदा सीट पर बैठने तक हर बात में उत्साह रहता था। फिल्म खत्म होने के बाद कलाकारों, गानों और कहानी पर चर्चाएं देर तक चलती थीं। कई लोगों के लिए सिनेमाघर बचपन की यादों, दोस्तों की महफिलों और परिवार के साथ बिताए खास पलों के गवाह बने। फिर समय बदला, तकनीक आगे बढ़ी और मल्टीप्लेक्स ने मनोरंजन का नया अनुभव दिया। ऑनलाइन टिकट बुकिंग और आधुनिक सुविधाओं ने फिल्म देखने का अंदाज बदल दिया। पुराने सिनेमाघरों में से कई बंद हो गए या उनका स्वरूप बदल गया, लेकिन उनसे जुड़ी यादें आज भी शहर के लोगों के मन में जिंदा हैं। इंदौर के इन सिनेमाघरों की कहानी दरअसल उस शहर की कहानी है, जहां बड़े पर्दे पर चलती फिल्म के साथ लोगों की भावनाएं, रिश्ते और यादें भी जुड़ती थीं।

भक्त चरित्र

महर्षि शौनक : जिनकी भक्ति ने कथा-श्रवण को बनाया साधना

नारायण माखीजा



महर्षि शौनक जी का कलात्मक चित्र

भारतीय ऋषि परंपरा में महर्षि शौनक का चरित्र भगवद्भक्ति, संयम, ज्ञान और कथा-श्रवण के प्रति अटूट निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। धार्मिक ग्रंथों में उन्हें नैमिषारण्य में एकत्रित अठासी हजार ऊर्ध्वरिता और ब्रह्मवादी ऋषियों में प्रमुख बताया गया है। भृगुवंश में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गव और शुनक ऋषि के पुत्र होने से शौनक कहलाए। पुराणों की परंपरा में उनका विशेष स्थान है। मान्यता है कि उन्होंने सूतजी के मुख से पुराणों और महाभारत की कथा सुनी। पुराणों में बार-बार आने वाला 'शौनक उवाच' उनके प्रश्नों, जिज्ञासा और धर्मचर्चा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का परिचायक है। नैमिषारण्य में उनका दीर्घकालीन श्रवण-सत्र केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान की कथाओं में मन को एकाग्र करने और जीवन को धर्ममय बनाने की साधना था। वे नित्यकर्म और हवन आदि से निवृत्त होकर भगवद्कथा के श्रवण में समय लगाते थे। उनके चरित्र से यह शिक्षा मिलती है कि कथा सुनना केवल कानों तक सीमित क्रिया नहीं, बल्कि मन, विचार और आचरण को शुद्ध करने का माध्यम है। श्रीमद्भागवत के द्वितीय स्कंध में वर्णित उनके उपदेश जीवन के मूल्य को भगवान की महिमा के श्रवण और कीर्तन से जोड़ते हैं। वे समझाते हैं कि मनुष्य की आयु निरंतर घट रही है; इसलिए समय का सदुपयोग भगवद्गुणों के श्रवण, स्मरण और कीर्तन में करना चाहिए। उनके विचारों में भगवान की कथा न सुनने वाले कान, भगवद्गुणों का गान न करने वाली जिह्वा और प्रभु के चरणों में न झुकने वाला सिर अपने वास्तविक उद्देश्य से दूर रह जाते हैं। वे हाथों को सेवा-पूजा, आंखों को भगवान के स्वरूप और तीर्थों के दर्शन तथा पैरों को हरि की लीलास्थलियों की यात्रा में लगाने की प्रेरणा देते हैं। संतों के प्रति श्रद्धा और भगवान के चरणों में अर्पित तुलसी की पवित्र सुगंध तक को वे भक्ति के भाव से जोड़ते हैं। उनके लिए भक्ति केवल पूजा-पाठ की विधि नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण को ईश्वर की स्मृति से जोड़ने का मार्ग है। वे यह भी सिखाते हैं कि सत्संग में बैठते समय मन को सांसारिक भटकाव से हटाकर कथा के भाव और संदेश पर केंद्रित रखना चाहिए। सच्चा श्रवण वही है, जो मनुष्य के विचारों में विनम्रता, व्यवहार में करुणा और जीवन में सदाचार उत्पन्न करे। महर्षि शौनक का जीवन हमें सिखाता है कि मनुष्य की सार्थकता केवल लंबी आयु, विद्वत्ता या बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि समय के सदुपयोग, सत्संग, श्रद्धा और भक्ति में है। उनकी कथा-निष्ठा आज भी प्रेरित करती है कि जब हम भगवद्कथा सुनें तो एकाग्र मन से सुनें, उसके संदेश को समझें और उसे अपने आचरण में उतारने का प्रयास करें। यही महर्षि शौनक के भक्त चरित्र का शाश्वत संदेश है।

विकास बनाम बुनियादी जरूरत

पानी पहले, कंक्रीट बाद में: प्यासे इंदौर की असली चुनौती

सुनील शर्मा



प्रतीकात्मक चित्र

देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा, चमचमाती सड़कें, मेट्रो नेटवर्क और गगनचुंबी फ्लाईओवर इंदौर की आधुनिक पहचान बन चुके हैं। लेकिन विकास की इस चमक के बीच एक बुनियादी सवाल खड़ा है- क्या शहर अपने हर नागरिक तक नियमित, स्वच्छ और पर्याप्त पानी पहुँचाने की तैयारी कर पाया है? किसी शहर की तरक्की केवल सड़कों, इमारतों और फ्लाईओवरों से नहीं मापी जा सकती। उसकी वास्तविक सफलता इस बात में है कि नागरिकों को जीवन की सबसे जरूरी जरूरत पानी के लिए भटकना न पड़े। मध्य प्रदेश में सामाजिक कल्याण योजनाओं और आधुनिक अधोसंरचना पर खर्च के बीच जल सुरक्षा को पर्याप्त प्राथमिकता देने की जरूरत है। लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं के लिए बड़े बजटीय प्रावधान और इंदौर में जल संकट के समाधान के लिए सीमित संसाधनों की चिंता नीतिगत संतुलन पर विचार करने का अवसर देती है। यह कल्याणकारी योजनाओं या मेट्रो जैसे विकास कार्यों के विरोध का विषय नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं में पानी को उसका उचित स्थान देने का सवाल है। नर्मदा जल पर निर्भर इंदौर में बढ़ती आबादी और तेजी से फैलते शहरीकरण ने जल वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ाया है। उपनगरीय और नए विकसित क्षेत्रों में टैंकरों पर निर्भरता तथा गर्मियों में भूजल स्तर गिरने की समस्या दीर्घकालिक तैयारी की आवश्यकता बताती है। अब तात्कालिक राहत के बजाय अगले 20 वर्षों की जल जरूरतों का वैज्ञानिक आकलन किया जाना चाहिए, ताकि आबादी, औद्योगिक विस्तार और खपत के आधार पर योजनाएँ बनाई जा सकें। नए निर्माणों में वर्षा जल संचयन का प्रभावी सत्यापन हो और पारंपरिक तालाबों, कुओं तथा बावड़ियों का पुनरुद्धार किया जाए। पाइपलाइनों में लीकेज और वितरण के दौरान होने वाली पानी की बर्बादी रोकने के लिए आधुनिक तकनीक तथा स्मार्ट मीटरिंग अपनाई जाए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले शोधित पानी का उपयोग पार्कों, निर्माण कार्यों और अन्य गैर-पेय जरूरतों में बढ़ाया जाए, जिससे स्वच्छ पेयजल की बचत हो सके। साथ ही नगर निगम और संबंधित विभाग हर वर्ष जल बजट, परियोजनाओं की समय-सीमा और खर्च का सार्वजनिक विवरण जारी करें, ताकि जवाबदेही तय हो। इंदौर की असली पहचान तभी मजबूत होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ हर क्षेत्र में पानी की भरोसेमंद व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। विकास की सार्थकता नागरिकों के जीवन को आसान बनाने में है, केवल शहर की सतह को चमकाने में नहीं। पानी रहेगा, तभी विकास टिकेगा।

कैबिनेट के फैसलों से विकास कार्यों को गति

सीएम मोहन यादव की कैबिनेट में ₹8,225 करोड़ मंजूर

जनशक्ति उजाला, भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार, 27 अक्टूबर को हुई मध्य प्रदेश कैबिनेट की बैठक में विकास और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में सिंचाई परियोजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, वन संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा और नए जिलों में शिक्षा विभाग के ढांचे को मजबूत करने से जुड़े फैसले लिए गए। प्रस्तुत विवरण के अनुसार, विभिन्न मदों में कुल ₹8,225 करोड़ की स्वीकृतियों का उल्लेख किया गया है।

सिंचाई परियोजनाओं के लिए 3,378 करोड़ रुपये

कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए चार प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के लिए ₹2,611.13 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत 1,90,500 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर पद्धति से सिंचाई सुविधा विकसित की जाएगी। पेंच व्यपवर्तन परियोजना के लिए ₹197 करोड़, मुरैना की चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना के लिए ₹531.15 करोड़ और पंचमनगर सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजना के लिए ₹39.41 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इन योजनाओं से छिंदवाड़ा, सिवनी, मुरैना, सागर और दमोह के कृषि क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है।

वन संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन पर जोर

पर्यावरण संरक्षण के लिए कैम्पा निधि की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत ₹2,050.03 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से पौधारोपण, बिगड़े वनों के सुधार, नदियों के पुनर्जीवन, मृदा एवं जल संरक्षण और वन्यप्राणियों के रहवास विकास से जुड़े कार्य किए जाएंगे। ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने तथा नगर वनों के विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा।

स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को राशि

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को वर्ष 2031 तक जारी रखने के लिए ₹1,743.58 करोड़ की मंजूरी दी गई। वहीं, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं के लिए वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक ₹651.25 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसमें दिव्यांगजन संस्थाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, कलापथक योजना और स्वावलंबन केंद्र इंदौर के लिए राशि शामिल है।

नए जिलों में शिक्षा कार्यालय, अन्य विभागों को भी मंजूरी

निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। इनके संचालन के लिए 68 नियमित पदों के सृजन और आउटसोर्सिंग से 32 कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए ₹16.80 करोड़ मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के लिए ₹345.52 करोड़ और विधि एवं विधायी कार्य विभाग की परिसंपत्तियों के संधारण की योजना को वर्ष 2031 तक जारी रखने के लिए ₹40 करोड़ स्वीकृत किए गए। किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए भी संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन फैसलों में कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। योजनाओं का वास्तविक लाभ उनके प्रभावी क्रियान्वयन और निर्धारित समय में काम पूरा होने पर निर्भर करेगा। सरकार का जोर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न विभागों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर भी रहेगा।

धार्मिक पर्यटन को नई पहचान

नलखेड़ा में 85.40 करोड़ से बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक, 108 फीट ऊंचा होगा मंदिर का शिखर

जनशक्ति उजाला, आगर-मालवा (नलखेड़ा)


सोमवार 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां बगलामुखी देवी लोक के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार 26 अक्टूबर को आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर परिसर में मां बगलामुखी देवी लोक के प्रथम चरण के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। इस चरण में 85.40 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। प्रस्तावित देवी लोक करीब 20 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। यहां मुख्य मंदिर का शिखर 108 फीट ऊंचा बनाया जाएगा, जबकि मंदिर परिसर का क्षेत्रफल 2,800 वर्ग मीटर रहेगा। परिसर में 220 यज्ञशालाओं के साथ 625 वर्ग मीटर क्षेत्र में गौशाला का निर्माण भी प्रस्तावित है। योजना में मंदिर परिसर, प्रवेश द्वार, परिक्रमा मार्ग, आंगन और बाउंड्री वॉल सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार और बस पार्किंग, शौचालय, उद्यान, हरित क्षेत्र और अतिथि सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी। परियोजना के तहत लखंदर नदी के किनारे घाट बनाए जाएंगे। इसके अलावा 13.77 करोड़ रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होगा। नलखेड़ा तक पहुंच को बेहतर बनाने के लिए आंवला-नलखेड़ा मार्ग को चार लेन में विकसित करने की योजना है। इस सड़क पर 55 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। देवी लोक के निर्माण के साथ सड़क और पुल संबंधी कार्यों से मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

आय से अधिक संपत्ति का मामला

GST अधिकारी के ठिकानों पर लोकायुक्त के छापे

जनशक्ति उजाला, जबलपुर

मध्य प्रदेश में लोकायुक्त पुलिस ने वाणिज्यिक कर अधिकारी मनीष कुमार जैन के जबलपुर, सागर और भोपाल स्थित ठिकानों पर मंगलवार को एक साथ छापेमारी की। शुरुआती जांच में उनकी अनुमानित वैध आय करीब 1.30 करोड़ रुपये, जबकि खर्च 3.78 करोड़ रुपये पाया गया है। लोकायुक्त के अनुसार, आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। तलाशी के दौरान 13 बैंक खातों, बैंक लॉकर, जबलपुर में बंगले, भोपाल में फार्म हाउस और फ्लैट तथा सागर में दुकानों और कृषि भूमि से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी मिली है। करीब 14 घंटे चली कार्रवाई में दस्तावेज जब्त किए गए। लोकायुक्त टीम बैंक खातों, संपत्तियों और परिजनों के आय स्रोतों की जांच कर रही है।

महाकाल मंदिर में नई व्यवस्था

महाकाल मंदिर में आरती के समय बदले

जनशक्ति उजाला, उज्जैन



श्री महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन

उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार, 27 अक्टूबर से कुछ आरतियों के समय में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत द्योदक आरती सुबह 7:30 बजे, भोग आरती सुबह 10:30 बजे और संध्या आरती शाम 6:30 बजे होगी। भस्म आरती के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को आरती के संशोधित समय के अनुसार अपनी योजना बनाने की सलाह दी गई है। महाकाल मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में आरती के समय की जानकारी उनके लिए उपयोगी रहेगी।

देवास शराब प्रकरण

देवास मामले में सरकार की बड़ी कार्रवाई, कलेक्टर-एसपी बदले; आबकारी विभाग पर भी गिरी गाज

जनशक्ति उजाला, भोपाल/देवास


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मध्यप्रदेश के देवास जिले में कथित जहरीली शराब से मौतों के मामले के बीच राज्य सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की है। मंगलवार, 27 अक्टूबर को देवास के कलेक्टर ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत का तबादला कर दिया गया। वहीं, जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया सहित तीन आबकारी अधिकारियों को निलंबित किया गया है। इन कदमों से अवैध शराब पर नियंत्रण और विभागीय जवाबदेही का मुद्दा केंद्र में आ गया है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत आईएएस अधिकारी नेहा मीना को देवास का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वह इससे पहले सिवनी में पदस्थ थीं। ऋतुराज को सामान्य प्रशासन विभाग में उप सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, आईपीएस अधिकारी आदित्य मिश्रा को देवास का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। पुनीत गहलोत को पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। आबकारी विभाग में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश पवार और आबकारी उप निरीक्षक राजश्री खन्ना को निलंबित किया गया है। विभागीय आदेश में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर नियंत्रण तथा निगरानी में लापरवाही का उल्लेख किया गया है। प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसे 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। अब जांच में मौतों के वास्तविक कारणों, कथित अवैध शराब की आपूर्ति और विभागीय जिम्मेदारियों से जुड़े तथ्यों के सामने आने की प्रतीक्षा है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की दिशा स्पष्ट होगी।

एशियन पैरा गेम्स 2026

114 पदकों के साथ भारत ने एशियन पैरा गेम्स में रचा इतिहास

जनशक्ति उजाला ब्यूरो, नागोया (जापान)



भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने एशियन पैरा गेम्स में 114 पदक जीतकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 114 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत ने प्रतियोगिता में 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस प्रदर्शन के साथ भारत ने पिछले संस्करण की आधिकारिक पदक संख्या को पीछे छोड़ दिया। हांगझोऊ में 2022 में हुए एशियन पैरा गेम्स में भारत के खाते में 108 पदक आए थे, जबकि 2018 में जकार्ता में भारतीय दल ने 72 पदक जीते थे। इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पुरुष भाला फेंक में सुमित अंतिल ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का परचम लहराया। इसी स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों ने तीनों पदक अपने नाम किए। पैरा निशानेबाजी में मोना अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ विश्व रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। निषाद कुमार ने पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि प्रणव सूरमा ने पुरुष क्लब थ्रो में खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। संदीप ने पुरुषों की 400 मीटर टी64 स्पर्धा में और हनी ने पुरुष भाला फेंक एफ37/38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। शीतल देवी ने भी तीरंदाजी में दो स्वर्ण और एक रजत सहित तीन पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। थुलासिमथि मुरुगेशन, मानसी जोशी और हरविंदर सिंह सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर भारत की पदक संख्या बढ़ाने में योगदान दिया। पैरा एथलेटिक्स के अलावा पैरा बैडमिंटन, पैरा तीरंदाजी और पैरा निशानेबाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया। भारतीय दल ने विभिन्न स्पर्धाओं में निरंतरता और दमखम दिखाया। खिलाड़ियों के रिकॉर्ड प्रदर्शन ने देश की पदक तालिका को मजबूती दी और पैरा खेलों को नई पहचान दिलाई। प्रतियोगिता में 45 देशों और क्षेत्रों के खिलाड़ियों तथा अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एशियन पैरा गेम्स एशिया के दिव्यांग खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है। भारत का यह प्रदर्शन पैरा खेलों में खिलाड़ियों की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक स्तर को रेखांकित करता है। अगले एशियन पैरा गेम्स का आयोजन 2030 में कतर की राजधानी दोहा में होना निर्धारित है।

आरएसएस शताब्दी वर्ष समापन समारोह

इंदौर में निकला संघ का पथ संचलन, आज डेली कॉलेज में जुटेंगे हजारों स्वयंसेवक

जनशक्ति उजाला, इंदौर


संघ के पथ संचलन में स्वयंसेवकों के साथ कदमताल करते कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय

रविवार, 25 अक्टूबर को इंदौर के विभिन्न स्थानों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पथ संचलन निकले। पूर्ण गणवेश में घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाते स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ संचलन किया। नंदा नगर क्षेत्र से निकले पथ संचलन में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय भी पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। दोनों ने स्वयंसेवकों के साथ कदमताल की। इन संचलनों की तैयारी के लिए पिछले एक महीने से शाखाओं में समता और संचलन का अभ्यास किया जा रहा था। संघ के शताब्दी वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में बुधवार, 28 अक्टूबर को डेली कॉलेज परिसर में इंदौर विभाग का वृहत एकत्रीकरण आयोजित होगा। शाम 4:30 बजे होने वाले कार्यक्रम में इंदौर विभाग के पांचों जिलों से हजारों सक्रिय स्वयंसेवकों के पूर्ण गणवेश में शामिल होने का कार्यक्रम है। आयोजन का ध्येय वाक्य 'चरैवेति-चरैवेति' रखा गया है, जो निरंतर आगे बढ़ते रहने और राष्ट्रकार्य जारी रखने का संदेश देता है। एकत्रीकरण में संघ की सौ साल की यात्रा, व्यक्ति निर्माण और समाज परिवर्तन के संकल्प को रेखांकित किया जाएगा।

बॉक्स ऑफिस पर रामायण का जलवा

एडवांस बुकिंग में 'रामायण' ने 6 फिल्मों को पछाड़ा

जनशक्ति उजाला, मनोरंजन डेस्क



फिल्म 'रामायण: पार्ट 1'

रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' ने एडवांस बुकिंग में 9.73 करोड़ रुपये की कमाई कर 2026 की छह फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के मुताबिक, सोमवार रात 8 बजे तक फिल्म के 2.18 लाख टिकट बिक चुके थे। फिल्म की रिलीज 5 नवंबर को होनी है। रिलीज से पहले ही फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

बदलते मौसम में सावधानी

वायरल बुखार को मामूली समझकर न टालें, बिगड़ सकती है तबीयत

जनशक्ति उजाला, हेल्थ डेस्क


प्रतीकात्मक चित्र

बुखार, खांसी, गले में खराश और बदन दर्द मौसमी फ्लू के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। अधिकतर मामलों में आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ लेने से राहत मिलती है, लेकिन बुजुर्गों, छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। लक्षण गंभीर हों या लगातार बने रहें, तो डॉक्टर से संपर्क करें। बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक या अन्य दवाएं न लें।

ऑनलाइन धोखाधड़ी

फर्जी वेबसाइटों के जरिए आईफोन खरीदारों को निशाना बना रहे साइबर ठग

जनशक्ति उजाला, टेक डेस्क


(प्रतीकात्मक चित्र)

साइबर ठग आकर्षक छूट और प्री-ऑर्डर के नाम पर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की ने कथित आईफोन डुओ के नाम पर बिक्री, प्री-ऑर्डर और उपलता जांचने का दावा करने वाली फर्जी वेबसाइटों को लेकर आगाह किया है। ऐसी वेबसाइटों के जरिए लोगों की निजी जानकारी जुटाकर वित्तीय धोखाधड़ी की जा सकती है। अनजान लिंक पर व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा करने से बचना जरूरी है।

संक्षिप्त साप्ताहिक (28 अक्टूबर से 3 नवंबर) राशिफल पं. राजेश शर्मा "महाराज" द्वारा

मेष
क्रोध व अहंकार से बचें; दांपत्य जीवन और साझेदारी में संयम रखें। शिक्षा, बौद्धिक कार्यों और संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

कर्क
अत्यधिक भावुकता व तनाव से बचें; पारिवारिक शांति बनाए रखें। संचित धन में वृद्धि होगी और कुटुंब में मान-सम्मान प्राप्त होगा।

तुला
स्वास्थ्य का ख्याल रखें; साझेदारी या नए अनुबंध में जल्दबाजी न करें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा और आय के नए व स्थायी स्रोत खुलेंगे।

मकर
कार्यस्थल पर विवाद टालें और जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। शोध व तकनीकी कार्यों में सफलता मिलेगी; स्वास्थ्य व दिनचर्या अनुशासित रखें।

वृषभ
पारिवारिक सुख, वाहन और अचल संपत्ति के मामलों में प्रगति होगी। विरोधियों पर विजय मिलेगी; मौसमी स्वास्थ्य व खान-पान का ध्यान रखें।

सिंह
कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी और अति-आत्मविश्वास से बचना हितकर रहेगा। गुरु प्रभाव से व्यक्तित्व में निखार, नई प्रतिष्ठा और आत्मबल बढ़ेगा।

वृश्चिक
आकस्मिक खर्चों और अनिद्रा से बचें; लंबी यात्रा में सतर्कता बरतें। कार्यक्षेत्र में पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

कुम्भ
धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और आपके विरोधी व प्रतिस्पर्धी शांत रहेंगे। विवाह वार्ताएं सफल होंगी और व्यापार में नए विस्तार के मार्ग बनेंगे।

मिथुन
रुके हुए काम गति पकड़ेंगे और मित्रों व संपर्कों से लाभ मिलेगा। सट्टेबाजी व जोखिम भरे किसी भी वित्तीय निवेश से पूरी तरह बचें।

कन्या
वाणी में मधुरता रखें और किसी भी वित्तीय लेन-देन में लिखा-पढ़ी पक्की रखें। मांगलिक कार्यों, धर्म-कर्म और यात्राओं पर शुभ व्यय के योग हैं।

धनु
बजट संतुलित रखें और अनावश्यक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण बनाए रखें। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा और अटके सरकारी व कानूनी कार्य पूरे होंगे।

मीन
वाहन सावधानी से चलाएं और खान-पान में सात्विकता व संयम बरतें। प्रतियोगी मामलों व पुरानी समस्याओं में राहत मिलेगी; नए कर्ज से बचें।

दीप्ति लेडीज़ टेलर्स
लेडीज़ ड्रेस स्पेशलिस्ट
साड़ी फाल एवं पीको वर्क
399-R, खातीवाला टैंक (गगन दीप कॉम्प्लेक्स) सरस्वती शिशु मन्दिर के पास, इन्दौर
फोन: 9926449577

LADDHA TENT HOUSE
CELEBRATIONS | EVENTS | DECORATIONS
ESTD. 1990
Mobile No: +91 9302105945
Gmail: laddhatent@gmail.com
Add: 23/5 Parsi Mohalla, Chhawani, Indore 452001

MAHADEV HOSIERY & SOCKS HOUSE
- YOUR WHOLESALE DESTINATION IN INDORE
MAHADEV HOSIERY | SOCKS HOUSE
Product List: Socks for Ladies, Gents & Kids, Handkerchief
Specialisist: School Uniform Socks
Shop No. 205, Mahalaxmi Tradalaxmi Trade Center, Indore
Products of: Socks for Ladies, Gents & Kids, Handkerchief
Specialisist: School Uniform Socks
14, Gas House Road, Business Point Complex, Indore
स्कूल यूनिफार्म के पट्टी वाले मोजे ऑर्डर पर बनवाये जाते हैं।
CONTACT MAHADEV: Manish: 9826522117 Rajat: 8109041749 Ph. Landline: 0731-49843419
CONTACT SOCKS HOUSE: Rahul: 8871677483 Rajat: 8109041749 Mahendra: 9926063401 Ph. Landline: 0731-4984419
VISIT US TODAY!

A HOME AWAY FROM HOME
SAFE • COMFORTABLE • AFFORDABLE
COMFORT LIVING
AVAILABLE FOR BOTH GIRLS & BOYS
HOSTEL & PG
Comfort That Feels Like Home
OUR FACILITIES
RO WATER COOLER, HOT WATER, WiFi, WASHING MACHINE, 3 TIME HYGIENIC MEAL, ROOM CLEANING, CCTV SURVEILLANCE, INDUCTION FACILITY
SAFE STAY BETTER STUDY BRIGHTER FUTURE
CLEAN & HYGIENIC | 24x7 SECURITY | PEACEFUL ENVIRONMENT | PRIME LOCATION
CONTACT US 8349402749 7389283378
OUR LOCATION
MAIN VISHNUPURI & BHAWARKUA, INDORE

AGP ENTERPRISES
NOW EXPANDING: WEBSITE DEVELOPMENT | TECH SOLUTIONS | PRINTING
PRECISION IN PRINT. - EST. 2019
DIGITAL & TECH SOLUTIONS
- Website Development (Portfolios, E-commerce, CMS)
- SEO & Digital Marketing Strategy
- Tech Support & Custom Solutions

PREMIUM PRINTING
- Visiting Cards & Business Cards
- Bill Books & Custom Invoices
- Flex Printing & Large Format Banners
- Brochures, Flyers & Catalogs
- Packaging Boxes & Custom Labels
- Letterheads & Corporate Stationery
- Stickers, Decals & Postcards
- Marketing Collateral

Ajay Pandey +91 8269897212
M. Sivaprasad +91 9479525913
www.agpenterprises.co.in

Deepa Pet Shop
99075 90803 | 93403 20208 Est. Since 2000
Your Complete Pet Care Destination
PREMIUM PET FOOD (Royal Canin, Pedigree - or generic equivalents) • All-stage Nutrition
QUALITY ACCESSORIES & GROOMING • Grooming services • Ren Proosher • Health Products • Products Mamphoot, Bhacker & Tokyo • Toys • Custom Beds
BRANCH 1: 89, Shivaji Market, Nagar Nigam Road, Indore, (M.P.)
BRANCH 2: Shop No. C-1, Imli Bazar, Siremal Bafna Road, Indore, (M.P.)
Full-Service Pet Care

निमंत्रण
MAKING YOUR MOMENTS DELICIOUS!
आपके समारोह को बनाएँ खास!
WEDDINGS | CORPORATE EVENTS | SOCIAL FUNCTIONS
आशीष जैन 99770 92000
पुरुषोत्तम शर्मा 94250 76024
अभिजीत शर्मा (बट्टू) 93000 04022
REGISTERED OFFICE: 119, Bansi Trade Centre, 581/5, M.G Rd, Indore, (M.P), 452003
Taste. Tradition. Perfection.

Prerna Graphics
- Creativity Is Our Identity -
• Visiting Card • Letterhead
• Bill Book • Flex
• Steakers • Rubber Stamps
• ID Cards • Pamphlets
• Brochure • Logo Design
Ashish Patel
8827538459
8770985215
1st Floor, Balaji Tower, Khajuri Bazar, Indore (M.P.)
ashgraphics8889@gmail.com

संजय सिसौदिया 9329057347
फ्लेक्स प्रिंटिंग
ग्लोसाईन बोर्ड
विनाईल
केनोपी, स्टेण्डी
माँ नर्मदा एडवरटाईजिंग
फ्लेक्स प्रिंटिंग

GROW YOUR BUSINESS WITH BENTWOOD FURNITURE
Your Trusted Manufacturer of Premium Seating Solutions.
Product Range:
- Office Chairs
- Dining Chairs
- Cafe Chairs
- Restaurant Chairs
- Institutional Chairs
- Waiting / Lounge Chairs
- Bar Stool

Customization Also Available/On Order
NOW INVITING WHOLESALE / DEALER / DISTRIBUTION / FRANCHISE / BUSINESS PARTNER INQUIRIES.
Partner with Us
Address: 75/3/34, Lasudia Mori, 24 Kamal Vihar, Dewas Naka, Indore, (M.P).
Mobile: 9981881333

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री श्याम देवाय नमः ॥ ॥ श्री खाजुरिया श्याम नमः ॥
KC
KHATU SHYAM CATERERS & EVENTS
Managed by BAPU MAHARAJ
Committed to Making Your Event Memorable.
Traditional & Modern Menus
100% Pure Vegetarian
Wedding & Event Catering
Elegant Presentation
9424083983, 8889983983, 7297871740, 9425071715. singhrathorehari0@gmail.com
Khasra No. 63-3, Chhota Bangarda, Shukla Petrol Pump Ke Pass, Indore, Madhya Pradesh 452005

Rewa Pooja Bhandar
PRESENTS: PREMIUM NATURE'S BOUNTY
Long-Lasting Freshness
Imported Dates
Delicious Taste
NATURAL & PURE TERRANUT COCONUTS
Shrefal (Pooja/Consumptive Coconuts)
PREMIUM QUALITY IMPORTED DATES
TERRANUT COCONUT: Pure, Delicious, Natural. Shelf Life: 4 Months!
Contact: S. Khandelwal Mob.: +91 94250-55731
Repacked & Marketed By: Rewa Pooja Bhandar
Customer Complaints: Mob.: +91 94250-55731
Address: 11/10, Below Sardar Patel Bridge, Siyaganj, Indore, (M.P.) - 452006
E-mail : shailendra.khandelwal79@gmail.com
Central FSSAI Lic No.: 10019026001457
State Lic No.: 11416850000779
"Finest Selection Imported from Abroad"

माधव जय का ढाबा
MADHAV JAI KA DHABA
INDORE - UJJAIN STATE HIGHWAY SH-23, NEAR SANWER
PURE, DELICIOUS & CLEAN FOOD
TEA & SNACKS
CATERING FOR WEDDINGS & PARTIES
PARTY HALL UP TO 200 GUESTS
EV CHARGING STATION
CONTACT: 9406667718

SHREE KELA DEVI PROPERTY BROKER
KV
QUALITY IS OUR SPECIALITY
VANYA CONSTRUCTIONS & DRAWING CONSULTANCY
PROPERTY DEALS: All types of Plots, Flats, Houses, Shops, Commercial Properties; Agricultural Land, likes - Farmhouse
CONSTRUCTION & DESIGN: Construction with Quality Material; Planning & Architecture; All types of Plot Drawings & Elevation Designs
VASUDEV SHARMA CIVIL ENGINEER 8770979399 9993679208
RAJESH SHARMA (MAHARAJ) 8889102030 9425315530
ADDRESS: B-869, 100 Feet Main Road, Tulsi Nagar, Indore (M.P.)
EMAIL: vasumaharaj239@gmail.com | MAIN OFFICE: 0731-3131791
YOUR TRUSTED PARTNER FROM PLOT TO POSSESSION

AMBER STUDIO
Capturing Every Precious Moment
Wedding & Pre-Wedding Photography
Modelling Portfolios
Outdoor Photography
Dramatic Drone Aerial & Cinematic Views
9617911111
9826868400
Studio.amber1@gmail.com
BOOK YOUR SESSION TODAY!
105, B.K Sindhi Colony, Main Road, Swami Pritamdas Marg, INDORE

जनशक्ति उजाला
जनशक्ति उजाला
— जनता की आवाज़, सत्य का उजाला।
— ज़मीनी हक़ीक़त
— प्रिंट की प्रामाणिकता
— डिजिटल न्यूज़ पोर्टल
हम ज़मीनी हक़ीक़त से जुड़े विश्वसनीय समाचारों को प्रिंट की प्रामाणिकता और डिजिटल पोर्टल की गति के साथ आपके समक्ष लाते हैं।
Website Newspaper
www.janshaktiujala.in | प्रिंट संस्करण |

विज़ान एवं प्रौद्योगिकी

PM मोदी का ऐलान, अनुसंधान के लिए 24 हजार करोड़

जनशक्ति उजाला, नई दिल्ली, (ब्यूरो)



कॉन्क्लेव को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मंगलवार, 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए 24 हजार करोड़ रुपये की नई प्रतिबद्धता की जानकारी दी। उन्होंने 'इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव 2026' का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत अब केवल दूसरे देशों की तकनीकों को अपनाने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि ऐसी नई तकनीक विकसित करना चाहता है, जो देश के साथ दुनिया की समस्याओं का समाधान कर सके। प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संस्थापकों और विद्यार्थियों से अगले तीन वर्षों के लिए ठोस लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अनुसंधान, विकास और नवाचार के लिए एक लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था करने का संकल्प लिया गया था। इसके तहत प्रयोगशालाओं से निकलकर बाजार तक पहुंचने के लिए तैयार तकनीकों के विकास हेतु सरकार ने करीब 12 हजार करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि निजी क्षेत्र भी इतनी ही राशि निवेश कर रहा है। इस तरह अनुसंधान एवं विकास के लिए कुल 24 हजार करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। उन्होंने 500 मेगावाट क्षमता वाले प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के फर्स्ट क्रिटिकलिटी चरण तक पहुंचने, अंतरिक्ष क्षेत्र में स्वदेशी तकनीकों की प्रगति और भारत में विकसित चिप की पहली खेप का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में देश में पेटेंट आवेदनों की संख्या 50 हजार से कम से बढ़कर पिछले वर्ष करीब डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। मोदी ने कहा कि तकनीक की सफलता केवल उसके उन्नत होने से नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने से तय होती है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रोजगार और आपदा प्रबंधन में तकनीक के उपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने आईआईटी मद्रास के ब्रेन सेंटर में विकसित हो रहे डिजिटल 3डी ब्रेन इमेजिंग प्लेटफॉर्म का उल्लेख किया। उन्होंने आगाह किया कि एआई के बढ़ते उपयोग के बीच वैज्ञानिकों की स्वतंत्र सोच, तथ्यों की जांच और साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अगले तीन वर्षों में नई तकनीक, प्रोटोटाइप, पायलट परियोजना या उत्पाद विकसित करने का लक्ष्य तय करने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत को उभरती तकनीकों में केवल भागीदार नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए ठोस परिणामों पर ध्यान देना होगा।

रक्षा क्षेत्र में बड़ी खरीद को मंजूरी

2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदे मंजूर, सेना की ताकत बढ़ाने पर जोर

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

रक्षा बलों की परिचालन क्षमता और आधुनिक युद्ध की तैयारियों को मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने करीब 2 लाख 12 हजार करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। थल सेना, नौसेना और वायु सेना के लिए आधुनिक हथियारों, हेलीकॉप्टरों, निगरानी प्रणालियों और अन्य सैन्य उपकरणों की खरीद की जाएगी। प्रस्तावित खरीद का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा भारतीय उद्योग से किया जाएगा। थल सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, स्वचालित ट्रैक्ड गन सिस्टम, हल्के बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर, कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और निगरानी व लंबी दूरी के ड्रोन शामिल हैं। इन उपकरणों से दुर्गम क्षेत्रों में सैनिकों की आवाजाही, रसद व्यवस्था, निगरानी और मारक क्षमता बेहतर होगी। हेलीकॉप्टरों का उपयोग टोही, युद्ध अभियानों, खोज एवं बचाव तथा आपदा राहत कार्यों में भी किया जा सकेगा। नौसेना के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम सहित प्रमुख नौसैनिक प्लेटफॉर्म की खरीद को मंजूरी मिली है। यह प्रणाली आधुनिक एंटी-शिप मिसाइलों से जहाजों की सुरक्षा मजबूत करने में सहायक होगी। वहीं, वायु सेना के लिए हेलीकॉप्टर, वायु रक्षा प्रणाली, हथियार और मोबाइल एक्स-बैंड डॉप्लर मौसम रडार खरीदे जाएंगे। इन रडार से अग्रिम क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी और स्थानीय निगरानी में मदद मिलेगी। स्वदेशी उद्योग की भागीदारी से रक्षा उत्पादन और घरेलू विनिर्माण क्षमता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों से बढ़ा राजनीतिक दबाव

फ्रांस में तनाव बरकरार, सरकार के कदमों से भी नहीं माने छात्र और शिक्षक

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), अंतरराष्ट्रीय डेस्क



24 अक्टूबर को पेरिस में प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन चलाती पुलिस।

फ्रांस में महंगाई, शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन जारी हैं। शनिवार, 24 अक्टूबर को पेरिस सहित कई शहरों में छात्र, शिक्षक और श्रमिक संगठनों से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया। कुछ स्थानों पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी। प्रशासन के अनुसार, देशभर में 289 स्थानों पर प्रदर्शन हुए, जबकि प्रदर्शनकारियों की संख्या को लेकर सरकारी और श्रमिक संगठनों के आंकड़ों में अंतर रहा। कार्रवाई के दौरान लोगों को हिरासत में लिए जाने और सुरक्षाकर्मियों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई। सरकार ने स्कूलों की सुविधाएं बढ़ाने, कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या सीमित करने, विश्वविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव और आर्थिक सहायता जैसे कदमों की घोषणा की है। शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। हालांकि, छात्र और शिक्षक संगठन इन घोषणाओं से संतुष्ट नहीं हैं। उनकी मांग है कि शिक्षा संस्थानों में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति हो और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार किया जाए। संगठनों ने 31 अक्टूबर और 5 नवंबर को फिर प्रदर्शन करने का आह्वान किया है।

तमिलनाडु की उपजेल में सुरक्षा चूक

17 कैदी फरार, पांच पकड़े

जनशक्ति उजाला, ब्यूरो



प्रतीकात्मक चित्र

तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी उपजेल से सोमवार, 26 अक्टूबर की रात 17 विचाराधीन कैदी फरार हो गए। कैदियों ने मिर्गी का दौरा पड़ने की बात कहकर प्रहरी को अपने पास बुलाया और उसे काबू कर जेल से निकल गए। मंगलवार तक पांच कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया, जबकि 12 की तलाश जारी रही। मामले में नौ जेलकर्मियों को निलंबित किया गया है।

योगी कैबिनेट का पशुपालन पर जोर

देसी गाय खरीदने पर 40 हजार की मदद, बीमा भी कराएगी सरकार

जनशक्ति उजाला, लखनऊ



यूपी CM योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य पशुधन मिशन को मंजूरी दी है। मंगलवार, 27 अक्टूबर को कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि पात्र देसी नस्ल की गाय खरीदने वाले पशुपालकों को प्रति गाय 40 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। पशु बीमा के प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि 15 प्रतिशत पशुपालक को देना होगा। योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आय बढ़ाना, दूध उत्पादन में सुधार करना और पशुधन आधारित रोजगार को प्रोत्साहित करना है।

सऊदी अरब पर हूती हमलों से बढ़ा तनाव

सऊदी की ओर दागीं 3 मिसाइलें, 4 ड्रोन भी रोके

जनशक्ति उजाला, (ब्यूरो), अंतरराष्ट्रीय डेस्क



प्रतीकात्मक चित्र

सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच संघर्ष तेज हो गया है। मंगलवार, 27 अक्टूबर को सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने दावा किया कि उसने देश के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों की ओर दागी गई तीन बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया। संभावित हमले को लेकर कुछ क्षेत्रों में चेतावनी जारी की गई, जिसे बाद में हटा लिया गया। लगातार बढ़ते हमलों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक : नारायण माखीजा के लिए कलम बाइंडिंग एंड प्रिंटर्स, 27/01, जूनी कसेरा बाखल, चूड़ीवाला कॉम्प्लेक्स, खजुरी बाज़ार, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 104, रॉयल अपार्टमेंट ब्लॉक बी, 377, खातीवाला टैंक, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। (पीआरजीआई सं. MPHIN/26/A3434), संपादक : नारायण माखीजा, मोबाइल नं. 9827254447, 9009699993, Email - janshaktiujala@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर होगा)